दिन–शनिवार   दिनांक– 06/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधि– 05 मिनट

बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने कहा है कि केन्द्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा पश्चिम चंपारण जिले के कुमारबाग और बक्सर के नवानगर को स्पेशल इकोनॉमिक जोन के लिए उपयुक्त पाया गया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मिश्र ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले दिनों इन दोनों जगहों का स्थलीय सर्वेक्षण करवाया था, जिसमें इसे उपयुक्त पाया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्थापना निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की जाती है। साथ ही इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होते हैं।

————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट– यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है क्योंकि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट–यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

————————————————————————

संचार मंत्रालय ने देश में हाल ही में मोबाइल सेवा शुल्क में वृद्धि के बारे में कहा है कि मोबाइल सेवा बाजार मांग और आपूर्ति के माध्यम से संचालित होता है। हाल ही में तीन निजी कंपनियों और एक सार्वजनिक मोबाइल कंपनी ने सेवा शुल्क में वृद्धि की है। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ग्राहकों के हितों की रक्षा करने, नवीनतम प्रौद्योगिकियों में निवेश के साथ व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने और वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार की नीतियों और नियामक ढांचे के परिणामस्वरूप भारत में मोबाइल ग्राहकों के लिए लागत सबसे कम है।

———————————————————————

प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि ऋण लेने वाले किसानों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कृषि विभाग और नाबार्ड के बीच इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जो निर्धारित अवधि में ऋण का भुगतान करेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत दस करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर में सबसे अधिक एक सौ चौरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा में एक सौ छियासठ दशमलव चार और मोतिहारी में एक सौ अट्ठावन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। कई अन्य स्थानों पर एक सौ पैंतीस मिलीमीटर से लेकर सौ मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण और सीवान जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, सहरसा और पूर्वी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, महानंदा और परमान नदी उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानंदा नदी का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। वहीं, परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से चौदह सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट और कोसी नदी सुपौल के बसुआ तथा खगड़िया के बलतारा में चेतावनी के स्तर से ऊपर चली गयी है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के कोरमा थाना क्षेत्र से पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।